हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

**रोहतक,** शनिवार, 19 जुलाई 2025

11 पेड़ पृथ्वी के फेफड़े, इन्हें काटना अपने जीवन को खतरे में...



12 अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के चार आरोपी गिरफ्तार



## खबर संक्षेप

### प्रवेश के लिए 29 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**सिरसा।** पीएम-श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ओढ़ा में सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रिंसिपल ललित कालड़ा ने बताया कि जो छात्र-छात्रा वर्तमान में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हैं तथा सिरसा जिले के मूल निवासी हैं वे २९ जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आवेदक छात्र-छात्रा की आयु १ मई २०१४ से *१ जुलाई २०१६ के मध्य हो तथा जिले में ही किसी सरकारी अथवा मान्यता प्राप्त स्कूलों में कक्षा पांचवी में पढ़ रहे हो। प्रवेश परीक्षा १* दिसंबर को सिरसा जिले के विभिन्न स्कूलों में आयोजित की जाएगी।

### बिजली अदालत में सुनी लोगों की शिकायतें

**फतेहाबाद।** भट्टू रोड पर मिनी बाईपास के पास स्थित 132 केवी पावर हाऊस में शुक्रवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से बिजली लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस बिजली अदालत की अध्यक्षता एसई एसएस रॉय को करनी थी, मगर इस बार भी उनकी जगह एक्सईएन ने ही शिकायतें सुनी।

### डाक कावड़ संघ का दूसरा जत्था रवाना

**रतिया।** मां शीतला मंदिर परिसर से शिव भक्तों का दूसरा जत्था श्री त्रिनेत्र महादेव डाक कावड़ संघ के बैतनर तले हरिद्वार के लिए रवाना हुआ। इस मौके पर महेश शास्त्री व भूरा सिंह सैनी ने महादेव का झंडा दिखाकर इस यात्रा को प्रारंभ किया। मां शीतला मंदिर सेवा ट्रस्ट के पुजारी सतीश शास्त्री ने बताया कि मंदिर से यह दूसरा जत्था हरिद्वार के लिए रवाना किया गया है।

### खाते से चुराये थे 50 हजार आरोपी को किया काबू

**फतेहाबाद।** साइबर ठगी के मामले में थाना शहर टोहाना पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। काबू आरोपी की पहचान राकेश जाखड़ पुत्र बिजेंद्र, निवासी वार्ड नंबर 12, सिवानी, जिला भिवानी के रूप में हुई है। उल्लेखनीय है कि इसी मामले में पूर्व में दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया जा चुका है। थाना शहर टोहाना प्रभारी निरीक्षक प्रहलाद ने बताया कि इस संबंध में तिलक राज पुत्र धर्मवीर निवासी तूर नगर, दमकौरा रोड, टोहाना ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### पुलिस ने बाइक चोरी के आरोपी को दबोचा

**फतेहाबाद।** जाखल पुलिस ने वाहन चोरी के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को काबू किया है। काबू आरोपी की पहचान सतगुरु सिंह उर्फ मोनू पुत्र भोला सिंह, निवासी कुलरिया, पंजाब के रूप में हुई है। थाना जाखल प्रभारी उपनिरीक्षक कुलदीप ने बताया कि यह मामला गुरप्यार सिंह, निवासी चांदपुरा की शिकायत पर दर्ज किया गया था।

### दविन्द्र मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल के गैर सरकारी सदस्य बने

**रतिया।** सामाजिक न्याय, अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्गों का कल्याण तथा अत्योदय सेवा विभाग हरियाणा ने उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में ट्रिब्यूनल के लिए रतिया के पूर्व पार्षद व बार



एसोसिएशन रतिया के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट दविन्द्र कुमार ग्रोवर और सुखमन्जोत सिंह को गैर सरकारी सदस्य नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि यह दोनों ट्रिब्यूनल लंबे समय से गठित नहीं किए गए थे, जिसकी वजह से माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरन पोषण एवं कल्याण से संबंधित अनेक मुकदमें लंबित चल रहे थे।

---

## शहर मे गंदे पेयजल सप्लाई की सप्ताह में रिपोर्ट दे एसई: डिप्टी स्पीकर, पूर्व प्रधान दर्शन नागपाल ने रखी थी जांच की मांग

### चिल्ली झील पर ख़र्च हुए 13 करोड़ की सीएम से करवाएंगे जांच: मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ फतेहाबाद

हरियाणा विधानसभा की हाई पावर कमेटी द्वारा भट्टूकलां होते हुए फतेहाबाद पहुंची। इस कमेटी की अध्यक्षता विधानसभा के डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा कर रहे हैं जबकि कमेटी में फतेहाबाद के विधायक सहित 12 विधायक शामिल हैं। फतेहाबाद में पूर्व विधायक दुड़ाराम के घर प्रैस वार्ता के बाद आम पब्लिक ने कृष्ण मिढ़ा के समक्ष शहर की सीवरेज व दूषित पेयजल की समस्या प्रमुखता से रखी। कृष्ण मिढ़ा ने अल्फा सिटी में नहरी पानी पहुंचाने के लिए पब्लिक हैल्थ के एसई को तुरंत आदेश दिए। इसके अलावा बरसों से विकास को तरस रही चिल्ली झील के सौंदर्यकरण की समस्या को भी उन्होंने ध्यान से सुना। थाना रोड पर सीवरयुक्त काले पेयजल सप्लाई के बारे में एसआई को आदेश दिए कि यहां जितने भी प्वाइंट हैं, उन्हें चिन्हित कर ठीक करें और एक सप्ताह में उन्हें रिपोर्ट दें। यह रिपोर्ट मुख्यालय भेजी जाएगी। उन्होंने शिकायतकर्ता से भी कहा कि अगर उनकी समस्या का समाधान नहीं होता तो वह उन्हें इस बारे जानकारी दें।

### चिल्ली झील के सौंदर्यकरण की समस्या को भी ध्यान से सुना



उसके बाद टीम शहर मे निरिक्षण करने पहुंची।जहा हरियाणा विधानसभा के उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में कमेटी नें जलभराव व जल निकासी और पानी समस्या को लेकर जायजा लिया। कमेटी चिल्ली, अशोकनगर के पास पहुंची। इसमें विधायक बलवान दौलतपुरियाऱ, पूर्व विधायक दुड़ा राम आदि साथ थे। चिल्ली पर कृष्ण मिड्ढा के समक्ष पूर्व नगर परिषद प्रधान दर्शन नागपाल ने उठाते हुए पूछा मिड्ढा साहब 'अधिकारियों से पूछो कि चिल्ली को झील बनाने के नाम पर 8 करोड़ खर्च किए गए, वो कहां गए'। इस पर कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जैसे कि बताया जा रहा है कि इसमें 8 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं, लेकिन चिल्ली की हालत को देखकर नहीं लगता कि यहां 8 करोड़ रुपये लगा हे। इसकी जांच कराने की सिफारिश की जाएगी। अब तक चिल्ली के नाम पर सीएम घोषणा के तहत 13 करोड़ रुपये दिए जा चुके हैं।

### सुझाव एवं मांगें रखीं

इस मौके पर शहर के कई पार्षद व समाजसेवी लोगों ने बताया कि चिल्ली की जगह पर कब्जा हो चुका है। सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भी समिति के सदस्यों से मुलाकात करजनसमस्याओं व विकास कार्यों को लेकर अपने सुझाव एवं मांगें रखीं। समिति ने प्रतिनिधियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं व सुझावों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा। डॉ. मिढ्ढा ने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नहीं की जाएगी। जिन परियोजनाओं में देरी हो रही है, उनके लिए जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय की जाएगी।

### मौके पर जाकर निरीक्षण

बैठक के बाद सब्जेक्ट कमेटी के सदस्यों ने फतेहाबाद क्षेत्र में जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से चल रही विभिन्न पेयजल परियोजनाओं का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान समिति सदस्यों ने पाइपलाइन बिछाने, टंकियों के निर्माण और पानी आपूर्ति की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. मिढ्ढा ने कहा कि गुणवत्ता के साथ कार्य होना चाहिए। जनता को इसका सीधा लाभ मिलना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जिन परियोजनाओं में खामियां या लापरवाही मिलेगी, उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

### विकास कार्यों में भेदभाव और भ्रष्टाचार के आरोप

## नगरपालिका गेट पर पार्षदों के साथ विधायक ने जड़ा ताला

तालाबंदी करते हुए नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ रतिया



**रतिया।** नगरपालिका कार्यालय के बाहर पार्षदों के साथ धरना देते विधायक जरनैल सिंह व नगरपालिका कार्यालय पर पार्षदों के साथ ताला जड़ते विधायक जरनैल सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

नगर पालिका में विकास कार्यो के नाम पर लाखों रुपए का गोलमाल करने व विकास कार्यों की अनदेखी करने के आरोप लगाकर नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठे पार्षदों द्वारा शुक्रवार को धरना जारी रखा गया। कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह भी समर्थन देने धरनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने सीएम से मांग की कि रतिया नगर पालिका में विकास कार्यो और एनडीसी के नाम पर हो रही घपलेबाजी की निष्पक्ष जांच एजेंसी से जांच करवा कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। इस दौरान विधायक जरनैल सिंह ने नगर पालिका सचिव से मिलकर भी शहर में विकास कार्य और सफाई व्यवस्था को लेकर जवाब तलबी भी की। धरने के बाद विधायक जरनैल सिंह, पार्षद सतपाल सिंह, गुरप्रीत सिंह, विजय गर्ग,अजमेर सिंह व अन्य पार्षद प्रतिनिधियों ने मिलकर नगर पालिका कार्यालय के मुख्य गेट पर तालाबंदी करते हुए नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की। तालाबंदी के दौरान किसान संघर्ष समिति पगड़ी संभाल जट्टा के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप सिंह ने किसानों के साथ मिलकर धरना दे रहे पार्षदों को समर्थन देकर कहा कि रतिया नगर पालिका भ्रष्टाचार का अड्डा बन चुकी है क्योंकि यहां पर हर कार्य के लिए बिचौलियों से मिलकर काम करवाना पड़ता है। जहां पार्षदों को अपने कामों के लिए धरने पर बैठे पर मजबूर होना पड़ रहा है वहां आमजन को किस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता होगा जिसको लेकर प्रदेश सरकार को रतिया नगर पालिका के कार्यों की जांच करनी चाहिए।



रतिया। नगरपालिका सचिव के साथ बातचीत करते विधायक जरनैल सिंह।

### सफाई व्यवस्था चरमराई

कांग्रेस के रतिया विधायक जरनैल सिंह व शहर के करीब आधा दर्जन पार्षदों व पार्षद प्रतिनिधियों ने नगर पालिका पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका में हर कार्य में भ्रष्टाचार होता है शहर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है, विकास कार्यों के नाम पर बड़े घोटाले किए जा रहे हैं। शहर में विकास कार्यों के नाम पर कुछ पार्षदों से भेदभाव किया जा रहा है विधायक जरनैल सिंह ने कहा कि शहर के विकास कार्य रुक गए हैं जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं, सरकारी अस्पताल के सामने बनाए गए बरसाती पानी के निकासी नाले में भी भ्रष्टाचार किया गया है।

---

## चोरी की घटनाओं पर सौंपा ज्ञापन

- एसपी से किया शहर में चार जगहों पर चौकी/बूथ लगवाए जाने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** एसपी को ज्ञापन सौंपने जाता अग्रवाल समाज का प्रतिनिधिमंडल।

शहर में बढ़ती चोरी व लूटपाट की घटनाओं को लेकर अग्रवाल समाज फतेहाबाद ने गहरी चिंता व्यक्त की है। इस मामले को लेकर समाज का प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि शहर के व्यस्ततम क्षेत्रों में विशेष पुलिस गश्त और सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाई जा सके। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि चोरी की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई हो और अपराधियों को शीघ्र पकड़ा जाए। समाज के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से निवेदन किया कि चार जगहों पर चौकी बूथ लगवा कर पुलिस कर्मचारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगवाई जाए व सभी चौकी/बूथों पर सीसीटीवी कैमरे भी होने चाहिए। इस अवसर पर लीलाधर गर्ग, वेद मंगल, ललित गोयल, प्रयास गर्ग, मनोज गर्ग, सतीश गर्ग, राजेश जैन, मुकेश बंसल, दिनेश बांसल, अनिल गोयल, पंकज तायल, अमित केपी, नितिन मोदी, सुधीर गोयल, अजय मंगल, देशराज बंसल, संजीव गर्ग, धर्मवीर मित्तल, प्रवीण गर्ग व अन्य मौजूद थे।

---





**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर प्रदर्शन करती आंगनबाड़ी वर्कर्स। *फोटो: हरिभूमि*

## आंगनबाड़ी वर्कर्स ने किया रोष प्रदर्शन

- फेस रिकग्निशन सिस्टम के विरोध में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

आंगनबाड़ी सेवाओं के लिए अनिवार्य फेस रिकग्निशन सिस्टम वापस लेने तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उत्पीडऩ को रोकने हेतु तत्काल हस्तक्षेप की मांग को लेकर आंगनवाड़ी वर्कर्स एवं हेल्पर यूनियन द्वारा शुक्रवार को फतेहाबाद में उपायुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया गया।

प्रदर्शन के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स और हैल्पर्स ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन के बाद उन्होंने जिला कार्यक्रम अधिकारी को सांसद कुमारी शैलजा के नाम ज्ञापन सौपा। आज के प्रदर्शन की अध्यक्षता जिला प्रधान सुनीता झलनिया ने की। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए सीटू जिला प्रधान जंगीर सिंह व सीटू नेता बेगराज ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सेवाओं का लाभ लेने के लिए अनिवार्य किए गए फेस रिकग्निशन सिस्टम में तत्काल हस्तक्षेप चाहते हैं। उन्होंने मांग की कि आंगनबाडिय़ों में टेक होम राशन व अन्य लाभों के लिए एफआरएस प्रमाणीकरण की अनिवार्यता तत्काल वापस ली जाए।



**फतेहाबाद।** प्रदर्शन के बाद कार्यक्रम अधिकारी को मांग पत्र सौंपते आंगनबाड़ी वर्कर्स एवं हैल्पर्स।

---

## नौकरी के नाम पर शिकार बना रहे साइबर ठग : एसपी



एसपी सिद्धांत जैन।

- अपराधियों ने निकाला टेलीग्राम पर ठगी का नया तरीका

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने आमजन को टेलीग्राम सहित विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर तेजी से फैल रहे फर्जी नौकरी घोटालों से सतर्क रहने की सलाह दी है। शुक्रवार को इस संबंध में पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने एक विशेष एडवाइजरी जारी करते हुए लोगों से अपील की है कि वे किसी भी अज्ञात स्रोत से प्राप्त नौकरी प्रस्ताव को बिना जांचे-परखे स्वीकार न करें। एसपी ने बताया कि साइबर ठग अब टेलीग्राम, व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफॉर्म्स पर लोगों को आकर्षक वेतन और घर बैठे काम के झूठे प्रस्ताव देकर उन्हें ठगने का प्रयास कर रहे हैं। ये ठग फर्जी कंपनियों के नाम से इंटरव्यू लेटर, नियुक्ति पत्र आदि भेजते हैं और उसके बाद पंजीकरण शुल्क, प्रोसेसिंग फीस, या दस्तावेज़ सत्यापन के बहाने पैसे की मांग करते हैं। पुलिस की जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन साइबर अपराधियों के अधिकतर ऑपरेशन विदेशी मोबाइल नंबरों या फर्जी आईडी के माध्यम से संचालित होते हैं, जिससे उनकी पहचान करना और भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

---



**सिरसा।** सीवरेज और पेयजल को लेकर रोष जाहिर करते कालोनीवासी।

## समस्याओं को लेकर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- सिरसा की जेजे कॉलोनीवासियों ने रोष जताया

पेयजल व सीवरेज की समस्या को लेकर शुक्रवार को सिरसा शहर की जेजे कॉलोनीवासियों ने जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर रोष जाहिर किया। कॉलोनीवासियों ने बताया कि पिछले तीन महीनों से सीवरेज, बिजली और पेयजल व्यवस्था की बदहाली ने निवासियों का जीना मुहाल कर दिया है। प्रदर्शनकारियों ने गली में जमा दूषित पानी के बीच खड़े होकर जिला प्रशासन व नगर परिषद के खिलाफ नारे लगाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी समस्याओं का शीघ्र स्थायी समाधान नहीं हुआए तो वे सिविल अस्पताल के पास सडक़ जाम करेंगे। भारत जनवादी नौजवान सभा के पूर्व सचिव बबलू नायक, विनोद कुमार, तुफानी, गुरबचन सिंह, हनुमान नायक, करनैल सिंह, सूरज, विक्की, डा. जवाहर, मित्रा कौर, मनकौर, रीना कौर सहित अन्य निवासियों ने बताया कि उनका क्षेत्र वार्ड नंबर २९ और *० में आता है, लेकिन यहां मूलभूत सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। उन्होंने बताया कि नायकों वाली गली में पिछले तीन महीनों से सीवरेज मिश्रित पेयजल की आपूर्ति हो रही है, जिसके कारण बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। साथ ही, सीवरेज जाम होने से गली में एक से दो फीट दूषित पानी जमा है, जिससे आवागमन बेहद मुश्किल हो गया है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि उन्होंने इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। महिलाओं ने कहा कि चुनाव के समय नेता वोट मांगने के लिए बार-बार चक्कर लगाते हैं, लेकिन चुनाव के बाद समस्याओं की ओर कोई ध्यान नहीं देता।

---

## सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में साप्ताहिक फिल्म महोत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ टोहाना

भूना रोड स्थित सेंट जोसफ इंटरनेशनल स्कूल में साप्ताहिक फिल्म महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत स्कूल के सभी विद्यार्थी टोहाना स्थित पीआर मिनिप्लेक्स में पूरे सप्ताह फिल्म का आनंद उठा रहे हैं। प्राचार्या मारियालीन लुईस ने बताया कि पढ़ाई के साथ प्रेरणादायक चलचित्र से भी विद्यार्थी का बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसी के चलते पूरे सप्ताह हर दिन दो-दो कक्षाओं को मिनिप्लेक्स में सितारे जमीं पर फिल्म दिखाई जा रही है। उन्होंने बताया कि फिल्म के साथ-साथ बच्चे पॉपकार्न का भी आनंद ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि सितारे जमीं पर एक प्रेरणादायक फिल्म हैं। यह फिल्म एक संदेश देती है कि हर किसी में कुछ खास होता है और हर किसी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मोका मिलना चाहिए।

---

### ग्रामीणों व बुद्धिजीवियों की एक आम सभा में किया गया मंथन

## एसएमसी का विलय कर पुनर्गठन का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

सरकारी स्कूल भूथन कलां में विद्यार्थियों के अभिभावकों, ग्रामीणों व बुद्धिजीवियों की एक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमें हरियाणा सरकार के नए फरमान का विरोध में सर्वसम्मिति से प्रस्ताव पारित किया गया। इसके तहत वर्तमान स्कूल प्रबंधन समितियां को भंग कर कर और तीनों प्रबंधन समितियां का विलय करके एक ही प्रबंधन समिति बनाने की बात कही गई है। ग्रामीणों की उपस्थिति में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम विरोध प्रस्ताव को स्कूल प्रिंसिपल नरेश रंगा को दिया गया। शिक्षा समिति के प्रधान कृष्ण ज्याणी ने कहा कि वर्तमान में सरकारी स्कूल भूथन कलां में दो प्राइमरी स्कूल और एक सीनियर सेकेंडरी स्कूल हैं और तीनों स्कूलों की अलग-अलग स्कूल प्रबंधन समितियां हैं। वर्तमान में कार्यरत तीनों एसएमसी समितियां राज्य सरकार एवं शिक्षा विभाग द्वारा लगभग दो महीने पूर्व गठित की गई थी। शिक्षा समिति के सह सचिव ओमप्रकाश बिडलान ने कहा कि एसएमसी को बिना किसी ठोस कारण के भंग कर पुनः गठन करने के प्रस्ताव का हरियाणा भर के अभिभावकों और अध्यापकों में रोष है। वर्तमान एसएमसी विधिवत रूप से दो वर्षों के लिए गठित की गई थीं, जिनका कार्यकाल अभी समाप्त नहीं हुआ है। इस प्रकार समय से पूर्व उन्हें भंग करना असंवैधानिक है।



**फतेहाबाद।** नई एसएमसी गठन के विरोध में सरकारी स्कूल भूथन कलां में जिला शिक्षा अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपते ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

### बातचीत की जा रही

एसएमसी के प्रधान ओम प्रकाश कुलडिया ने कहा कि हरियाणा सरकार के इस तुगलकी फरमान के विरोध में फतेहाबाद जिले के अन्य गांव में भी सरकारी स्कूलों की समितियां के प्रधान व सदस्यों से बातचीत की जा रही है। अगले हफ्ते योजना बनाकर बड़ी संख्या में सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों के अभिभावक और एसएमसी समितियां इकट्ठे होकर फतेहाबाद के डीसी और जिला शिक्षा अधिकारी से मुलाकात करेंगे और नई प्रबंधन समितियां बनाने के आदेश का पुरजोर विरोध करेंगे। जा सकता।



एनाकोंडा सांप का वजन लगभग 300 किलो तक हो सकता है।



बिच्छू एक हफ्ते तक सांस रोककर भी जिन्दा रह सकता है।

# एजुकेशन लोन : पढ़ाई में आ रही है दिक्कतों से मुक्ति



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

हर कोई बिना किसी वाधा के अपनी पढाई का सफर पूरा करना चाहता है ताकि वह अपने पैरों पर खड़ा हो सके। कुछ लोगों के साथ ऐसा नहीं होता है क्योंकि घर की स्थिति खराब होती है और वो अपनी शिक्षा को जारी नहीं रख पाते हैं। अगर कोई भी इस तरह की स्थिति से जूझ रहा हैं तो उसे बैंक से एजुकेशन लोन मिल सकता है। अगर अभिभावक बच्चे को उच्च शिक्षा दिलाने में काबिल नहीं हैं और उनका सपना है कि उनका बच्चा जिंदगी में बढ़े लेवल पर काम करे तो वह स्टूडेंट स्कालरशिप कि साथ साथ स्टूडेंट लोन भी ले सकते हैं।

## क्या है एजुकेशन लोन

अपनी एजुकेशन पर किसी बैंक संस्थान से लिया गया पैसा या उच्च स्तर की शिक्षा के लिए लोन लेने को एजुकेशन लोन या फिर स्टूडेंट लोन का नाम दिया जाता है। इस लोन को छात्र खुद या उसके अभिवावक प्राप्त कर सकते हैं और अपने बच्चे को आगे की पढाई बिना किसी रूकावट के करा सकते हैं। इसी के साथ छात्र का सपना अगर विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करना है तो वह बैंक की शर्तों के आधार पर लोन प्राप्त कर सकता है।

### कैसे लें लोन

शिक्षा ऋण लेने से पहले आपको इसके टर्म और कंडीशन को अच्छे से समझना होगा ताकि बाद में पैसा वापस करने में कोई परेशानी न उठानी पड़े। लेकिन यह भी सही है कि शिक्षा ऋण में आपको दूसरे ऋणों के मुकाबले काफी कम ब्याज और ज्यादा समय भी मिलता है। इसके लिए आपको सही बैंक को चुनना जरुरी है और उनसे उनकी शर्तों को पता कर लें। अगर आप बाद में लोन की राशि लुटाने में सक्षम हो तो आप एक गारंटर को साथ लेकर बैंक के सारे रूल मानते हुए लोन ले सकते हैं। लोन की पूरी पर्किर्या पास होने पर जब आप और बैंक बिल्कुल निश्चिंत हो जाएं तो आपको लोन का पैसा दे दिया जाता है। जिसकी मदद से आप आसानी से अपनी उच्च शिक्षा के सपने को साकार कर पाएंगे।

## कितने प्रकार का होता है लोन

**पेरेंट्स लोन** :- यह लोन स्टूडेंट के मां-बाप को दिया जाता है, जिनकी वित्तीय क्षमता बच्चों को उच्च सत्तर की शिक्षा देने में सही नहीं होती। यह पैरेंट लोन लेकर वह अपने बच्चे को उच्च शिक्षा दिला सकते हैं।

**अंडर ग्रेजुएट लोन** :- यह लोन उन स्टूडेंट्स के लिए होता है जो अपनी स्कूल की पढाई पूरी करने के बाद स्नातक करना चाहते हैं और वह ग्रेजुएशन चाहे भारत में या विदेश में करनी हो उनको लोन मिल जाता है और लोन की मदद से छात्र आसानी से अपनी ग्रेजुएशन कर पता है।

**प्रोफेशनल ग्रेजुएट लोन** :- इसका मतलब जो छात्र स्नातक पूरा कर चुके हैं और आगे की पढाई करना चाहते हैं , तो उनको यह लोन दिया जाता है।

**करियर एजुकेशन लोन** :- किसी खास क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले यह लोन ले सकते हैं। जैसे कि अगर कोई डॉक्टर बनना चाहता है तो वह मेडिकल करियर के लिए लोन पास करवा सकता है।

इन सभी में से आपको किसी भी प्रकार का लोन चाहिए तो आप अपने नजदीकी बैंक से इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और लोन के प्रोसेस के लिए आगे बढ़ सकते हैं।

## डाक्यूमेंट और जरूरत पर करता निर्भर

### कितना लोन मिलता

एजुकेशन लोन की राशि आपके पढाई के डाक्यूमेंट्स और आपकी जरूरत पर निर्भर करती हैं। आपको 50,000 से लेकर 4 लाख रूपए तक का स्टूडेंट लोन आसानी से मिल जाता है जो आप बिना किसी गारंटी के ले पाएंगे। अगर आप 10वीं पास यानी कि 10वीं के सर्टीफिकेट पर लोन लेना चाहते हो तो आपको 50,000 से लेकर 1,50,000 रूपए तक लोन मिल जाता है।

### क्या कागजात चाहिए

स्टूडेंट को अपनी एजुकेशन पर लोन लेने के कुछ जरुरी कागजातों की जरुरत पड़ेगी, एजुकेशन लोन कागजात के लिए निम्नलिखित दस्तावेज चाहिए।

योग्यता प्रमाण पत्र, कोर्स की जानकारी

आयु दस्तावेज , निवास पता

पहचान पत्र , बैंक की पासबुक

पासपोर्ट साइज फोटो

### प्रोसेस

आपको किसी बैंक या संस्था से लोन लेने के लिए पुरे प्रोसीजर को फॉलो करना होता है ताकि आपको जल्दी और ठीक तरीके से लोन का पैसा मिल सके। यह है लोन प्रोसेस।

- सबसे पहले बैंक का निर्धारण कर बैंक से संपर्क करें।
- बैंक अधिकारीयों से स्टूडेंट लोन के बारे में पता करें और उनके द्वारा दिए गए फॉर्म को ठीक से भरें।
- अब बैंक आपसे जो भी जरुरी कागजात मांगती है वह उपलब्ध करवाएं।
- बैंक वाले आपसे जो जानकारी पूछे उसे सही से बताएं और उनकी शर्तें भी पता करें।
- अगर अपने फॉर्म के साथ डॉक्यूमेंट भी जमा करा दिए हैं तो बैंक के जवाब का इंतजार करें।
- बैंकों की अपनी एक प्रोसेस होती है लोन को पास करने की वह पूरी होते ही आपको लोन मिल जाता है।

### ब्याज दर

एजुकेशन लोन में ब्याज दरें दूसरी लोन स्कीम के मुकाबले काफी कम होती हैं। बैंक की ब्याज दर सबकी अलग अलग होती हैं। इसमें समय-समय पर बदलाव होता रहता है।

## भारतीयों की पहली पसंद है विदेशों से एजुकेशन हासिल करना

# विदेश में पढ़ाई करना चाहते है तो आपके काम आएंगे यह प्लेटफॉर्म

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

## उच्च शिक्षा प्राप्त करने का साधन

देपिछले कुछ समय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए विदेश जाने वाले भारतीय छात्रों की कुल संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। आने वाले समय में इससे और अधिक बढ़ने की संभावना है। भारतीय छात्रों के लिए विदेश में सबसे लोकप्रिय स्टडी प्लेस अमरीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप और सिंगापुर है। यदि आप विदेश से उच्च शिक्षा लेना चाहते हैं तो इन प्लेटफॉर्म्स की मदद ले सकते हैं।



### ईयूगेटवे



ईयूगेटवे विदेश में अध्ययन परामर्श फर्म है, जो यूरोपीय देशों में शिक्षा के लिए परामर्श देने के साथ लैंग्वेज ट्रेनिंग प्रोग्राम भी करवाती है। **eugateway.in** पर यूनिवर्सिटी एवं कोर्स की पहचान कर सकत है। इसके साथ ही यह भी समझने का मार्गदर्शन मिलेगा कि प्रवेश प्रक्रिया क्या है, वीजा के लिए कैसे आवेदन किया जा सकता है।

### आइडीपी कंसल्टेंसी

यह कंपनी एक इंटरनेशनल एजुकेशनल ऑर्गेनाइजेशन है, जो दुनियाभर में छात्रों को प्लेसमेंट की सुविधा देती है। यहां आस्ट्रेलिया, अमरीका, यूके, न्यूजीलैंड, आयरलैंड और कनाडा में स्टडी का मार्गदर्शन मिलेगा। इस प्लेटफॉर्म पर पाठ□क्रम की सलाह के साथ आइईएलटीएस की तैयारी, वीजा, आवास, स्वास्थ्य कवर की जानकारी मिलेगी।

### एडवाइस

इस प्लेटफॉर्म की मदद से भी आप सही विदेशी शैक्षणिक संस्थान का चुनाव कर सकते हैं। यहां यूके, यूएसए, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, सिंगापुर, आयरलैंड, फ्रांस, जर्मनी, दुबई, स्विट्जरलैंड, मलेशिया आदि देशों में स्टडी की जानकारी ले सकते हैं।

### स्टडी एंड वर्क अब्रॉड

यह प्लेटफॉर्म उन लोगों के लिए उपयोगी है जो विदेश जाना चाहते हैं, फिर चाहे वजह स्टडी हो या फिर नौकरी। **Studyandworkabroad.in** पर जाकर आप अपनी रुचि और आवश्यकता के अनुसार मार्गदर्शन ले सकते हैं। यहां सही मार्गदर्शन करने के लिए आपको विदेशी सलाहकारों की मदद मिलेगी।

### लिवरेज एडु

यह प्लेटफॉर्म छात्रों को अपनी अब तक यात्रा को नेविगेट करने और उसका आकलन करने में मदद करता है। उन्हें पर्सनल एडवाइजर्स से मदद मिलती है। यहां छात्रों को रोजगार के नजरिए से यह समझने में मदद मिलती है कि किस के कोर्स वर्तमान एवं भविष्य के लिए उपयोगी होंगे। इसकी भारत एवं विदेश में 35 से अधिक साइट्स है।

### द वर्ल्डग्रेड

इस प्लेटफॉर्म की शुरुआत कोरोना के दौरान विदेश में पढ़ाई की चुनौतियों का समाधान करना है। विदेश में स्टडी करने के लिए आवेदन करने वाले छात्र अपना पहला सेमेस्टर या पूरा एक साल ऑनलाइन स्टडी कर सकते हैं। बाकी सेमेस्टर ऑफलाइन एवं कैंपस में पूरा कर सकते हैं। इस तरह एक साल अपने विदेश में रहने के खर्चे को बचा सकता है। वीजा आवेदन प्रक्रिया के लिए मार्गदर्शन अंग्रेजी भाषा की कक्षाओं की सुविधा भी मिलेगी।

### ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड

ईएसएस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड उन छात्रों के लिए बहुत उपयोग है, तो विदेश में अध्ययन करना चाहते हैं। वर्ष 2001 से संचालित यह फर्म मुख्य रूप से ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, यूरोप, न्यूजीलैंड आदि देशों में प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों एवं कॉलेज में स्टडी का मार्गदर्शन करती है। इस कंपनी की 12 शाखाएं हैं और अब तक ऑस्ट्रेलिया के लिए 3,450, कनाडा के लिए 1150 और यूरोप के लिए 1200 स्टडी वीजा उपलब्ध करवा चुकी है।

### विदेश में पढ़ाई करने के फायदे

विदेश में पढ़ाई का विकल्प चुनने से आप दुनिया को एक्सप्लोर कर सकते हैं। वहां आपको नए देशों को पूरी तरह से नई गतिविधियों और रिवाजों को एक्सपीरियंस करने का अवसर मिलेगा। आप जब दुनिया को एक्सप्लोर करते हैं, तो आपकी यात्रा आपको हर तरह के लोगों के साथ बातचीत करने में मदद करती है, जिससे आपके सोचने का दायरा अलग-अलग हो जाता है। यह विदेश में पढ़ाई करने के शीर्ष लाभ में से एक है। आप विदेश में बेहतर करियर विकल्प भी चुन सकते हैं। विदेश की कई यूनिवर्सिटीज है जो बेहतर कोर्स के साथ-साथ छात्रवृत्तियां भी देती हैं।



## फिटनेस में है रुचि तो न्यूट्रिशन बन चमकाएं अपना कॅरियर, मिलेगी अच्छी सैलरी

किस व्यक्ति को किस तरह की डाइट लेनी चाहिए, किस खाने में कौन से पोषक तत्व पाए जाते हैं। किसी तरह की बीमारी होने पर डाइट में किन बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। ऐसे बहुत से सवालों के जवाब यदि आपको पता हैं, या आप इन सवालों के जवाब देने में रुचि लेते है। तो बता दें कि आप डायटीशियन या न्यूट्रीशनिस्ट के तौर पर अपने कॅरियर की शुरूआत कर सकते हैं।

### यह करना होता है काम

न्यूट्रीशनिस्ट हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन का महत्व समझते हैं। साथ ही यह अपने क्लाइंट्स को भी हेल्दी और बैलेंस्ड न्यूट्रीशन के बारे में जानकारी देते हैं। या फिर व्यक्ति की जरूरत के अनुसार, डाइट लेना सजेस्ट करते हैं। साथ ही यह वजन बढ़ाने से लेकर कम करने तक में मदद करते हैं।

### क्या है फ्यूचर प्रोस्पेक्ट्स

यह एक ऐसा काम है, जो हमेशा से ही डिमांड में रहता है। या ऐसा भी कहा जा सकता है कि बदलते वक्त के साथ इसकी डिमांड भी बढ़ती जा रही है। लोग जैसे-जैसे अपनी हेल्थ और वेट को लेकर जागरुक हो रहे हैं। वैसे-वैसे न्यूट्रीशनिस्ट भी डिमांड में आते जा रहे हैं। वेलनेस सेंटर, हॉस्पिटल, हेल्थ सेंटर, ब्यूटी सेंटर, क्लीनिक से लेकर फिटनेस सेंटर्स तक पर इनकी जरूरत पड़ती है। ऐसे में इस क्षेत्र में आप का कॅरियर खूब फलेगा-फूलेगा

### कर सकते हैं ये कोर्स

इस फील्ड में अपना कॅरियर बनाने के लिए कैंडिडट का साइंस बैकग्राउंड होना जरूरी है। 12वीं पास करने के बाद छात्र फूड एंड न्यूट्रीशन में बीएससी और एमएससी कोर्स किए जा सकते हैं। हायर स्टडीज के लिए आप इस फील्ड में पीएचडी भी कर सकते हैं। कई यूनिवर्सिटी में यह कोर्सेज ऑफर किए जाते हैं। इनमें सेलेक्शन लेने के लिए छात्रों को सामान्य तौर पर प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

### इन फील्ड में कर सकते हैं काम

इस कोर्स को करने के बाद अपने स्पेशलाइजेशन और रुचि के अनुसार, आप हेल्थ कोच, हेल्थ एजुकेटर एंड कम्यूनिटी हेल्थ वर्कर, पिडियाट्रिक न्यूट्रीशनिस्ट, पब्लिक हेल्थ न्यूट्रीशनिस्ट, क्लिनिकल डायटीशियन, होलिस्टिक न्यूट्रीशनिस्ट, स्पोर्ट्स न्यूट्रीशनिस्ट, कंसल्टेंट न्यूट्रीशनिस्ट आदि के तौर पर प्राइवेट और सरकारी विभागों में काम कर सकते हैं।

# खुद को जानना, अपनी ताकत, कमजोरियों और मूल्यों को समझना ही असली सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा शब्द है जो हर छात्र के दिल में एक अलग ही जोश और प्रेरणा भर देता है। लेकिन क्या आपने कभी गहराई से सोचा है कि सफलता का असली मतलब क्या है? क्या यह केवल परीक्षा में अच्छे अंक लाना, एक प्रतिष्ठित नौकरी पाना, या सामाजिक मान्यता प्राप्त करना है? नहीं, असली सफलता इससे कहीं गहरी है। असली सफलता है खुद को जानना अपनी ताकत, कमजोरियों, जुनून, और मूल्यों को समझना। जब आप अपने आप को पूरी तरह समझ लेते हैं, तो जीवन की हर चुनौती आसान लगने लगती है, और आप अपने कौशलों को निखारकर अपने सपनों को हकीकत में बदल सकते हैं। यह लेख छात्रों को प्रेरित करने के लिए है, जिसमें हम आत्म-जागरूकता के महत्व, इसके लाभ, और अपने कौशलों को विकसित करने के तरीकों पर विस्तार से चर्चा करेंगे।

## आत्म-जागरूकता : सफलता का आधार

आत्म-जागरूकता का अर्थ है अपने विचारों, भावनाओं, रुचियों, और व्यवहार को समझना। यह एक दर्पण की तरह है जो आपको दिखाता है कि आप वास्तव में कौन हैं। जब आप अपने आप को जान लेते हैं, तो आप न केवल अपने लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से देख पाते हैं, बल्कि यह भी समझ पाते हैं कि उन लक्ष्यों तक पहुँचने का सबसे अच्छा तरीका क्या है।

**सही दिशा का चयन**: आज के समय में छात्रों पर कई तरह के दबाव होते हैं—परिवार की अपेक्षाएँ, सामाजिक मानदंड, या दोस्तों का प्रभाव। आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आपके लिए क्या सही है। उदाहरण के लिए, अगर आपको विज्ञान में रुचि नहीं है, लेकिन आप संगीत में रुचि रखते हैं, तो आप संगीत को अपने करियर का हिस्सा बना सकते हैं, भले ही समाज में विज्ञान को अधिक महत्व दिया जाता हो।

**आत्मविश्वास का विकास**: जब आप अपनी ताकत को पहचानते हैं, तो आपका आत्मविश्वास बढ़ता है। यह आत्मविश्वास आपको असफलताओं से डरने के बजाय उनसे सीखने की हिम्मत देता है।

**कमजोरियों को सुधारने का अवसर**: आत्म-जागरूकता आपको अपनी कमजोरियों को स्वीकार करने और उन पर काम करने की प्रेरणा देती है। उदाहरण के लिए, अगर आपको सार्वजनिक बोलने में डर लगता है, तो आप इस कौशल को बेहतर बनाने के लिए अभ्यास कर सकते हैं।

**बेहतर निर्णय लेना**: जब आप अपनी प्राथमिकताओं और मूल्यों को समझते हैं, तो आप बेहतर निर्णय ले सकते हैं। यह आपको उन रास्तों से बचाता है जो आपके लिए सही नहीं हैं।

**समय और ऊर्जा की बचत**: जब आप जानते हैं कि आपके लिए क्या महत्वपूर्ण है, तो आप अपना समय और ऊर्जा उन चीजों पर केंद्रित करते हैं जो वास्तव में मायने रखती हैं। उदाहरण के लिए, अगर आपको लेखन में रुचि है, तो आप इंजीनियरिंग की किताबों में समय बर्बाद करने के बजाय लेखन कार्यशालाओं में भाग ले सकते हैं।

**तनाव में कमी**: आत्म-जागरूकता आपको यह समझने में मदद करती है कि आप किन चीजों से तनावग्रस्त होते हैं और उन्हें कैसे प्रबंधित करना है। उदाहरण के लिए, अगर आपको समय प्रबंधन में कठिनाई होती है, तो आप अपने दिन को बेहतर ढंग से व्यवस्थित करने के लिए टाइम मैनेजमेंट तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं।

## व्यवस्थित योजना बनाने में सहायक

**सकारात्मक रिश्ते**: जब आप अपने आप को समझते हैं, तो आप दूसरों के साथ बेहतर संबंध बना सकते हैं। आप जानते हैं कि आपको किन लोगों के साथ समय बिताना पसंद है और कौन से रिश्ते आपके लिए विषाक्त हो सकते हैं।

**लक्ष्य प्राप्ति में आसानी**: आत्म-जागरूकता आपको अपने लक्ष्यों को स्पष्ट करने और उनके लिए एक व्यवस्थित योजना बनाने में मदद करती है। इससे आप अपने सपनों को हासिल करने के लिए सही कदम उठा सकते हैं।

**आत्म-मूल्यांकन करें**: एक डायरी बनाएं और उसमें अपनी ताकत, कमजोरियाँ, रुचियाँ, और लक्ष्य लिखें। कुछ सवालों के जवाब ढूँढें: मुझे क्या करने में मजा आता है? मैं किस चीज में स्वाभाविक रूप से अच्छा हूँ? मुझे किन क्षेत्रों में सुधार की जरूरत है?

**नए कौशल सीखें**: ऑनलाइन प्लेटफॉर्म जैसे **Coursera**, **Udemy**, या **YouTube** पर उपलब्ध मुफ्त या सशुल्क कोर्सेज का उपयोग करें। उदाहरण के लिए, अगर आप प्रोग्रामिंग सीखना चाहते हैं, तो **Python** या **Java** जैसे कोर्स शुरू करें। स्थानीय कार्यशालाओं या कक्षाओं में भाग लें, जैसे कि कला, नृत्य, या सार्वजनिक बोलने की कक्षाएँ।

**नियमित अभ्यास करें**: किसी भी कौशल को निखारने के लिए निरंतर अभ्यास जरूरी है। उदाहरण के लिए, अगर आप लेखन में सुधार करना चाहते हैं, तो रोजाना 10-15 मिनट लिखने का अभ्यास करें। छोटे-छोटे लक्ष्य निर्धारित करें, जैसे कि हर हफ्ते एक नया शब्द सीखना या एक छोटी कहानी लिखना।

**फीडबैक लें** : अपने शिक्षकों, दोस्तों, या परिवार से अपनी प्रगति के बारे में राय लें। वे आपको उन क्षेत्रों के बारे में बता सकते हैं जहाँ आप अच्छा कर रहे हैं और जहाँ सुधार की जरूरत है। रचनात्मक आलोचना को सकारात्मक रूप से लें। यह आपको बेहतर बनाने में मदद करेगी। गलतियों से डरें नहीं। हर असफलता आपको कुछ नया सिखाती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** स्वामी विवेकानंद को 'विवेकानंद' की उपाधि किसने प्रदान की थी ?
(ए) महाराजा खेतड़ी ने
(बी) महाराजा बडौदा ने
(सी) रामकृष्ण परमहंस ने
(डी) इनमे से कोई नहीं

**2.** संगीतज्ञ एवं ध्रुपद गायिकी तानसेन को 'कंठाभरणवाणीविलास'' की उपाधि किसने डी थी?
(ए) बाबर
(बी) अकबर
(सी) बैरम खान
(डी) जहाँगीर

**3.** मल्लराज सस्तिपल के महल में मृयु हुयी थी?
(ए) महात्मा बुद्ध की
(बी) महावीर स्वामी की
(सी) स्वामी विवेकानंद की
(डी) इनमे से कोई नहीं

**4.** भारतीय पुनर्जागरण आन्दोलन के पिता कौन थे ?
(ए) बाल गंगाधर तिलक
(बी) दयानन्द सरस्वती
(सी) राजा राममोहन राय
(डी) श्रधानंद

**5.** शिकागो के प्रसिद्ध विश्व धर्म सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व किसने किया था ?
(ए) सवामी श्रधानंद ने
(बी) स्वामी विवेकानंद ने
(सी) गोपाल कृष्ण गोखले
(डी) बाल गंगाधर तिलक ने

**6.** बंगाल में भक्ति आन्दोलन के प्रवर्तक थे ?
(ए) चैतन्य
(बी) रामानंद
(सी) नामदेव
(डी) रामानुज

**7.** किसकी समाधि होने के कारण नांदेड़ गुरुद्वारा सिख समुदाय के लिए पवित्र स्थल माना जाता है ?
(ए) गुरु नानक
(बी) गुरु रामदास
(सी) गुरु अर्जुन देव
(डी) गुरु गोविन्द सिंह

**8.** सुप्रसिद्ध उर्दू शायर मिर्जा ग़ालिब कहाँ के मूल निवासी थे ?
(ए) आगरा
(बी) लखनऊ
(सी) दिल्ली
(डी) लाहौर

उत्तर 1.(ए) 2.(बी) 3.(बी) 4.(सी) 5.(बी) 6.(ए) 7.(डी) 8.(ए)

## अनिल बिश्नोई का कार्यकाल सराहनीय रहा : गोदारा

# बीडीपीओ अनिल बिश्नोई को विदाई ऋषभ सिंगल ने संभाला कार्यभार

**नवनियुक्त बीडीपीओ ऋषभ सिंगल का स्वागत किया गया**



भूना। बीडीपीओ अनिल बिश्नोई को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते हुए नवनियुक्त बीडीपीओ ऋषभ सिंगल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

**ग्रामीणों के सहयोग से विकास कार्य आसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी अनिल बिश्नोई का भूना से तबादला होने पर बीडीपीओ ब्लॉक के अधिकारियों, कर्मचारियों और सरपंचों ने विदाई पार्टी रखी। कार्यक्रम में नवनियुक्त बीडीपीओ ऋषभ सिंगल, एबीपीओ संदीप कुमार जांगड़ा, एसईपीओ रामफल मलिक, पटवारी पुनीत सिहाग, ग्राम सचिव राजेश शर्मा, सुरेश कुमार, सुबे सिंह, जगन सिंह मेडल, राजेश कुमार गुर्जर, रणधीर सिंह कुंडू, विकास कुमार, हरदीप खीचड़ सहित कई स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। सभी ने बिश्नोई को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवनियुक्त बीडीपीओ ऋषभ सिंगल का स्वागत किया गया। सरपंच एसोसिएशन जिलाध्यक्ष हेमंत सिंह बैजलपुरिया और ब्लॉक प्रधान एडवोकेट मांगेराम गोदारा ने कहा कि अनिल बिश्नोई का कार्यकाल सराहनीय रहा। उन्होंने गांवों में गली-नाली निर्माण और अन्य विकास कार्यों में आने वाली दिक्कतों का तुरंत समाधान किया। कार्यालय स्टाफ के साथ तालमेल बनाकर काम को समय पर पूरा करवाया। बिश्नोई ने कहा कि पंचायतों, अधिकारियों और ग्रामीणों के सहयोग से ही प्राथमिकता के आधार पर विकास कार्य करना आसान होता है। किसी भी कार्य में मतभेद हो तो उसे मिल बैठकर पंचायती तरीके से सुलझाना चाहिए, न कि उच्चाधिकारियों को शिकायत देना। उन्होंने कहा कि गांवों में फैलने वाली मशकट झाड़ियां, कांग्रेस घास और जोहड़ों में उगने वाली जलखुम्भी खरपतवारों को समय रहते हटाना जरूरी है। बाद में गंभीर रूप ले सकती हैं। गांव की सफाई पर भी ध्यान देने की जरूरत है।



फतेहाबाद। शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग संस्थान में पौधारोपण करते डॉ. विरेन्द्र सिवाच। फोटो : हरिभूमि

## शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग संस्थान में पौधरोपण कार्यक्रम

# पेड़ पृथ्वी के फेफड़े, इन्हें काटना अपने जीवन को खतरे में डालना : डॉ. सिवाच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम उठाते हुए, शहीद बाबा दीप सिंह नर्सिंग संस्थान, फतेहाबाद में आज पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच, चेयरपर्सन शरणजीत कौर, ट्रस्टी हरमीत सिंह, निदेशिका डॉ. अनुराधा सिवाच, शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बढ़ते वैश्विक तापमान, घटती वर्षा और बंजर होती जा रही धरती को बचाने के लिए हर नागरिक को हरियाली की ओर प्रेरित करना रहा। सभी उपस्थितजनों ने एक वृक्ष कटे, तो दस लगाओ का संदेश देते हुए पौधारोपण किया। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र सिंह सिवाच ने कहा कि आज मानव अपने स्वार्थ में इतना डूब चुका है कि प्रकृति की अनदेखी कर रहा है। पेड़ पृथ्वी के फेफड़े हैं। इन्हें काटना अपने जीवन को खतरे में डालना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को न केवल एक पौधा लगाना चाहिए, बल्कि उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। शरणजीत कौर ने अपने संबोधन में कहा कि हरियाली जीवन का आधार है। अगर पेड़ होंगे, तो पानी होगा, वर्षा होगी, शुद्ध वायु होगी। बच्चों का भविष्य तभी सुरक्षित रहेगा।

**पर्यावरण प्रेम का बीज बचपन से ही बोएं**

डॉ. अनुराधा सिवाच ने कहा कि यह बहुत जरूरी है कि हम अपने छात्रों में पर्यावरण प्रेम का बीज बचपन से ही बोएं। आज लगाया गया एक पौधा, कल जीवनदायी वटवृक्ष बन सकता है। संस्थान के विद्यार्थियों ने संकल्प लिया कि वे हर वर्ष कम से कम एक पौधा लगाएंगे और उसकी देखरेख करेंगे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक रूप से यह शपथ ली कि वे पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

## भूना में कुला रोड से नहर की पटरी पर 22 फुट चौड़ी सड़क बनेगी

भूना। कुलां रोड से फतेहाबाद रोड तक चंद्रावल माइनर की पटरी पर 22 फुट चौड़ी इंटरलॉकिंग सडक़ बनेगी। यह सडक़ करीब पौने किलोमीटर लंबी होगी। इससे लोगों को मिनी बाईपास जैसा फायदा मिलेगा। नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी और पार्षद रोहताश कुमार ने ईंट रखकर शिलान्यास किया। इसके साथ ही निर्माण कार्य शुरू हुआ। पंकज पसरीजा ने बताया कि सडक़ निर्माण पर करीब 45 लाख रुपए खर्च होंगे। यह सडक़ कुला रोड पुल से शुरू होकर चंद्रावल माइनर की पटरी तक बनेगी।



भूना। कुला रोड पर माइनर पटरी पर इंटरलॉकिंग सडक़ का शुभारंभ करते हुए।

*पूरा हिसाब एक रजिस्टर में दर्ज किया गया था।*

# ढाणी भोजराज गांव के 14 परिवारों से कुल 12 लाख 60 हजार एकत्रित किए थे, रजिस्टर में दर्ज सूची सार्वजनिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

ढाणी भोजराज गांव के चर्चित अंतरजातीय विवाह मामले में एससी/एसटी एक्ट केस खारिज करवाने के लिए डीएसपी के रीडर से लेनदेन की बातचीत वाला ऑडियो वायरल हुआ था। अब इस मामले में ग्रामीणों से जुटाए गए चंदे की सूची भी सामने आ गई है। यह सूची विजिलेंस को दी गई थी। गांव के 14 परिवारों से कुल 12 लाख 60 हजार रुपए एकत्रित किए गए थे। यह राशि परिवारों की आर्थिक स्थिति के अनुसार स्वेच्छा से ली गई थी। इसका पूरा हिसाब एक रजिस्टर में दर्ज किया गया था। रजिस्टर की कॉपी एंटी करप्शन ब्यूरो हिसार को देने के बाद अब गांव में सार्वजनिक हो गई है।

रजिस्टर में डीएसपी के नाम दो बार में कुल 9 लाख 50 हजार रुपए दर्ज हैं। पहली बार 2 लाख और दूसरी बार 7 लाख 50 हजार रुपए दिए गए। इसके अलावा 2 लाख 20 हजार रुपए सरपंच, नंबरदार और एक किसान नेता के नाम दर्ज हैं। यह राशि पूरे घटनाक्रम के दौरान गाड़ियों के किराए में खर्च हुई बताई गई है। एक लाख रुपए तीन दुकानदारों की जमानत के दौरान खर्च हुए, जो एससी/एसटी एक्ट और सामाजिक बहिष्कार मामले में जेल में बंद थे।

**चंदा देने वाले की सूची में ये नाम शामिल**

चंदा देने वालों में रामप्रसाद कुलड़िया, चांदराम कुलड़िया ने 60 हजार, धर्मपाल महला, रामकुमार महला ने 1 लाख 5 हजार, रामकुमार भाकर, सतबीर भाकर ने 40 हजार, कृष्ण फांडन, राजवीर फांडन ने 70 हजार, सुरजीत जाखड़, सुरेश जाखड़ ने 1 लाख 30 हजार, जयवीर लांबा, रिसाल लांबा ने 70 हजार, बजरंग गोदारा, सतबीर गोदारा, गुलाब गोदारा ने 1 लाख, सुल्तान खिलेरी ने 25 हजार, भागु बेरा ने 1 लाख, सुरजीत, अजय मंगला परिवार ने 2 लाख, इंद्राज झाझड़ा, रामेश्वर झाझड़ा, गोपाल झाझड़ा, खेता परिवार ने 1 लाख 70 हजार, महावीर चेतन, प्रताप फौजी ने 50 हजार, महावीर हेलीवाला, पवन हेलीवाला ने 70 हजार, साधू झाझड़ा, सुदेश बटेऊ ने 70 हजार रुपए चंदा दिया। यह पूरा लेखा-जोखा रजिस्टर में दर्ज किया गया था।

**क्या था मामला**

मामला 31 जनवरी की रात शुरू हुआ, जब गांव की 26 वर्षीय रेनू और 22 वर्षीय सचिन घर से भाग गए। 2 फरवरी को लड़की के पिता ने गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई। 4 फरवरी को दोनों ने अंतरजातीय विवाह कर लिया। इसके बाद हाईकोर्ट से सुरक्षा मांगी। गांव में विवाद बढ़ा। अनुसूचित जाति के साधुराम ने सामाजिक बहिष्कार का आरोप लगाया। दुकानदारों ने सामान देने से मना कर दिया। लेनदेन करने वालों पर 21 हजार का जुर्माना लगाए जाने की ऑडियो व वीडियो वायरल हुई थी।
14 फरवरी को साधुराम की शिकायत पर पुलिस ने 9 नामजद और 50 अन्य के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट में केस दर्ज किया। डीएसपी जयपाल सिंह की अगुवाई में जांच हुई। 16 फरवरी को तीन दुकानदारों को गिरफ्तार किया गया। 17 फरवरी को ग्रामीणों ने थाने का घेराव किया। सिरसा-चंडीगढ़ स्टेट हाईवे-2 पर जाम लगाया। ग्रामीणों की मांग पर रतिया के एसडीएम संजय बिश्नोई को जांच सौंपी गई। गिरफ्तारी के 15 दिन बाद दुकानदारों के परिजनों ने अदालत में जमानत याचिका लगाई। तीन दिन सुनवाई चली। 4 मार्च को याचिका खारिज हो गई। 8 मार्च को पुलिस ने तीनों दुकानदारों को केस से डिस्चार्ज कर दिया।

*राज्यसभा सांसद ने भूना में किया हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर का उद्घाटन*

# रोजगार के साथ-साथ आत्मनिर्भर बनें युवा : सुभाष बराला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर का उद्घाटन करते सांसद सुभाष बराला।

भुना में हारट्रोन एडवांस्ड स्किल सेंटर का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि यह केंद्र युवाओं को तकनीकी रूप से दक्ष एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण और दूरदर्शी कदम है। इस प्रकार के संस्थान युवाओं को नई तकनीकों से जोडक़र उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करेंगे।

राज्यसभा सांसद ने कहा कि यह केंद्र क्षेत्र के युवाओं को डिजिटल और तकनीकी कौशल में प्रशिक्षित कर उन्हें वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाएगा। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के डिजिटल इंडिया और सक्षम भारत आत्मनिर्भर भारत जैसे दूरदर्शी अभियानों को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। सरकार का उद्देश्य युवाओं को रोजगार के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि वे स्वयं रोजगार के अवसर सृजित कर सकें। केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत देशभर में उन्नत प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिनके माध्यम से युवाओं को डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड कम्प्यूटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## इंटरनेशनल शतरंज दिवस संपन्न

फतेहाबाद। क्रेसण्ट स्कूल में 'इंटरनेशनल शतरंज दिवस' अत्यंत उत्साह और उत्सवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर कक्षा दूसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी बुद्धिमत्ता, एकाग्रता एवं रणनीतिक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में तर्कशक्ति, धैर्य और निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना था। हर खिलाड़ी अपनी-अपनी चाल को बड़ी शांति एवं गंभीरता से सोच-समझकर चल रहा था। कुल सात राउंड आयोजित किए गए, जिनमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ भाग लिया। सात राउंड की इस प्रतियोगिता में कक्षा चार के रुहान ने 6 .5 पॉइंट, जन्नत कक्षा सात ने 6 पॉइंट, प्रिंस अरोड़ा कक्षा 8 में 6 पॉइंट एवं छात्रा अभिलाषा कक्षा 10 ने 6 पॉइंट हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर कक्षा चार के छात्र रुहान को विजेता घोषित किया। प्रधानाचार्या रितु सिंधु ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं, बल्कि यह सोचने, समझने और सही समय पर निर्णय लेने की कला है, जो बच्चों के मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।



फतेहाबाद। क्रेसंट स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।

# कुला रोड से नहर की पटरी पर 22 फुट चौड़ी सड़क बनेगी



भूना। कुलां रोड से फतेहाबाद रोड तक चंद्रावल माइनर की पटरी पर 22 फुट चौड़ी इंटरलॉकिंग सडक़ बनेगी। यह सडक़ करीब पौने किलोमीटर लंबी होगी। इससे लोगों को मिनी बाईपास जैसा फायदा मिलेगा। नगर पालिका के चेयरपर्सन प्रतिनिधि पंकज पसरीजा, वाइस चेयरमैन नरेंद्र बागड़ी और पार्षद रोहताश कुमार ने ईंट रखकर शिलान्यास किया। इसके साथ ही निर्माण कार्य शुरू हुआ। पंकज पसरीजा ने बताया कि सडक़ निर्माण पर करीब 45 लाख रुपए खर्च होंगे। यह सडक़ कुला रोड पुल से शुरू होकर चंद्रावल माइनर की पटरी तक बनेगी। इससे वार्ड नंबर 2 की बंसल कॉलोनी और बिजली घर के पीछे के रिहायशी इलाके के सैकड़ों लोगों को सीधा फायदा मिलेगा। छोटे वाहनों को शहर की भीड़ से बचने का रास्ता मिलेगा। माइनर की पटरी भी मजबूत होगी। बंसल कॉलोनी के लोगों ने चेयरपर्सन और नगरपालिका अधिकारियों का आभार जताया। नगर पालिका सचिव दीपक कुमार ने बताया कि शहर की हर खस्ताहाल गली को इंटरलॉकिंग से पक्का किया जाएगा।

# पूर्व सांसद का कांग्रेस विधायक की गुमशुदगी के बयान पर जरनैल सिंह का पलटवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

- बोले : पूर्व सांसद की काली जुबान, उनकी बद्दुआ से मुझे हार्ट अटैक आया

पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल द्वारा रतिया के कांग्रेस विधायक जरनैल सिंह की गुमशुदगी बारे दिए ब्यान के बाद शुक्रवार को जरनैल सिंह ने पूर्व सांसद पर पलटवार किया। जरनैल सिंह का कहना है कि पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल की जुबान काली है। उनकी बद्दुआ के कारण उन्हें हार्ट अटैक आया है। मेरे ऊपर तो परमात्मा, गुरु नानक देव, गुरु गोबिंद सिंह का आशीर्वाद है, जिससे मैं बच गया। जरनैल सिंह शुक्रवार को रतिया नगरपालिका कार्यालय के बाहर विकास कार्यों में भेदभाव और भ्रष्टाचार को लेकर तीन दिन से धरने पर बैठे पार्षदों का समर्थन करने पहुंचे थे।

धरने के दौरान पत्रकारों से बातचीत में विधायक जरनैल सिंह पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल पर जवाबी हमला किया और कहा कि सुनीता दुग्गल की बद्दुआ के कारण ही उन्हें दो महीने पहले हार्ट अटैक आ गया था। सुनीता दुग्गल ने 21 हजार से ज्यादा वोटों से हारने के बाद अपने दफ्तर में जाकर स्पीच दी थी। उस स्पीच में कहा था कि बाय इलेक्शन होगा, यह तो मरेगा। क्या पता मुझे मारने की योजना थी या केवल बद्दुआ दी थी। जरनैल सिंह ने कहा कि मेरे ऊपर तो परमात्मा, गुरु नानक देव, गुरु गोबिंद सिंह का आशीर्वाद है, जिससे मैं बच गया। काली जुबान तो पत्थर भी फाड़ देती है। कांग्रेस विधायक ने कहा कि पूर्व सांसद अपने सांसद होने के कार्यकाल में पूरे 5 साल क्षेत्र से गायब रही और उनकी गुमशुदगी के पोस्टर भी सुनने को आए थे। क्षेत्र की अनदेखी के कारण ही शायद उनकी पार्टी ने उन्हें दोबारा टिकट नहीं दी। जरनैल सिंह ने कहा कि सुनीता दुग्गल विधानसभा चुनाव की हार पचा नहीं पा रही जिसके चलते वह वह अपनी हार के बाद क्षेत्र के सरपंच और अन्य जनप्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों को धमकाने का काम कर रही है। बता दें कि वीरवार को रतिया विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर आई पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल ने विधायक जरनैल सिंह पर टिप्पणी की थी और उन्हें गुमशुदा विधायक बताया था। इस टिप्पणी के अगले ही दिन विधायक जरनैल सिंह मैदान में नजर आए हैं। वह नगरपालिका पार्षदों के धरने पर पहुंचे और तालाबंदी कर उनका समर्थन किया।

**सुरक्षा** सीसीटीवी कैमरे और ट्रेंड गार्ड्स की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर

# जिले के प्रमुख व्यापारियों के साथ एसपी ने बैठक में किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। व्यापारियों की बैठक को संबोधित करते एसपी सिद्धांत जैन।

पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने पुलिस लाइन स्थित एनजीओ मेस के मीटिंग हॉल में जिले के प्रमुख व्यापारिक वर्ग के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में जिलेभर से पेट्रोल पंप मालिकों, आढ़तियों, ज्वैलरी व्यवसायियों, शराब कारोबारियों, बैंक प्रबंधकों एवं अन्य प्रतिष्ठित व्यापारिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना, व्यापारिक संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करना तथा आपसी समन्वय स्थापित कर अपराध नियंत्रण में भागीदारी सुनिश्चित करना रहा।एसपी जैन ने कहा कि वर्तमान समय में व्यापारिक गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं और इसके साथ-साथ अपराध के तौर-तरीकों में भी बदलाव देखा जा रहा है। ऐसे में यह आवश्यक है कि प्रत्येक व्यापारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए अपने प्रतिष्ठानों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने सभी व्यापारियों को अपने दुकानों, संस्थानों एवं कार्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने, समय-समय पर उनकी जांच करवाने तथा रिकॉर्ड को कम-से-कम 30 दिनों तक सुरक्षित रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी शॉप्स, बैंक शाखाएं, पेट्रोल पंप, शराब के ठेके, आढ़त बाजार जैसे स्थान संवेदनशील श्रेणी में आते हैं, जहां सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही अपराधियों को आमंत्रण दे सकती है। इन स्थानों पर प्रशिक्षित सुरक्षा गार्ड तैनात करना और सभी प्रवेश एवं निकासी बिंदुओं पर निगरानी रखना आवश्यक है।

**सतर्कता बरतने की सलाह**

बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को नकद लेन-देन और एटीएम सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। साथ ही, शराब विक्रेताओं को अपने ठेकों पर अनावश्यक भीड़ को नियंत्रित रखने तथा विशेष रूप से रात के समय शांति बनाए रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने जोर देकर कहा कि व्यापारिक समुदाय और पुलिस प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय अत्यंत आवश्यक है। आपसी संवाद, विश्वास और सहयोग से ही जिले को अपराधमुक्त और सुरक्षित बनाया जा सकता है।

# पर्यावरण को बचाना सबकी जिम्मेदारी, खुशी के पल पौधे लगाकर करें साझा : भवानी सिंह

- जन्मदिन पर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



फतेहाबाद। जन्मदिन पर संतों से आशीर्वाद लेते बीजेपी नेता भवानी सिंह।

वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महाशक्ति चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भवानी सिंह ने अपना जन्मदिन संतों के सानिध्य में और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए मनाया। भवानी सिंह ने जहां सिरसा स्थित डेरा बाबा भूमण शाह में जाकर गद्दीनशीन बाबा ब्रह्मदास जी महाराज से आशीर्वाद लिया वहीं श्री श्री 1008 जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी विकास दास जी महाराज से मुलाकात कर चरण वंदन किया और नशा मुक्त क्षेत्र मुहीम में विजयी होने का आशीर्वाद व मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके अलावा उन्होंने भूना के डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्किल कॉलेज में आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की और अपने जन्मदिन के उपलक्ष्य में कॉलेज परिसर में 200 से अधिक पौधे लगाए। संस्था के प्रमुख मदन ठाकुर ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। भवानी सिंह ने लोगों से प्रकृति से जुडऩे की अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पेड़-पौधे जरूरी हैं।

## खबर संक्षेप



सिरसा। अफीम के साथ पकड़ा गया आरोपी पुलिस की गिरफ्त में।

### बाइक सवार 251 ग्राम अफीम सहित दबोचा

**सिरसा।** सीआईए सिरसा पुलिस गश्त व चैकिंग के दौरान ऑटो मार्केट क्षेत्र से बाइक सवार युवक को 251 ग्राम अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। सीआईए प्रभारी प्रेम कुमार ने बताया कि पुलिस टीम शहर के ऑटो मार्केट में गश्त पर थी। इसी दौरान से सूचना मिली एक युवक नशा नशा बेचने की फिराक में है। पुलिस ने ऑटो मार्केट क्षेत्र में वाहनों की तलाशी लेनी शुरू कर दी। कुछ देर बाद बाइक सवार युवक आता दिखाई दिया। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 251 ग्राम अफीम बरामद हुई। आरोपी की पहचान सज्जन कुमार निवासी मेहूवाला जिला फतेहाबाद के रुप में हुई है।



फतेहाबाद। युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करती जिला पुलिस की नशामुक्ति टीम। फोटो: हरिभूमि

### नशामुक्ति अभियान में शिक्षकों को दिए टिप्स

**फतेहाबाद।** जिलेभर में चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव मताना में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को नशे के खिलाफ जागरूक बनाना और पीड़ितों को उपचार एवं परामर्श प्रदान करना रहा। एएसआई सुंदर के नेतृत्व में नशा मुक्ति टीम द्वारा यह आयोजन जिला शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान, मताना में किया गया, जिसमें जिले के राजकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में शिक्षकों को विद्यार्थियों के आचार-व्यवहार पर सतर्क दृष्टि बनाए रखने की सलाह दी गई और बताया गया कि वे कैसे छात्रों को नशे की लत से दूर रखने में मदद कर सकते हैं।



फतेहाबाद। चोरी के आरोपी में पकड़ी गई दोनों महिलाएं। फोटो: हरिभूमि

### बस में हैंडबैग चोरी करने वाली दो महिला काबू

**फतेहाबाद।** राजस्थान रोडवेज की एक बस में यात्रियों की भीड़ का फायदा उठाकर हैंडबैग चोरी करने के मामले में फतेहाबाद पुलिस ने दो महिला आरोपियों को काबू किया है। काबू की गई महिलाओं की पहचान गुडिया पुत्री जोगिंद्र, निवासी जेबीटी कॉलोनी, डिंग मंडी, जिला सिरसा तथा ललिता पत्नी मांगेराम निवासी लालवास, थाना भिरानी, जिला हनुमानगढ़ वर्तमान में जेबीटी कॉलोनी, डिंग मंडी के रूप में हुई है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र ने बताया कि इस बारे 16 जुलाई को डिंग मंडी निवासी मोनिका ने शिकायत दर्ज करवाई थी।

### हेरीटेज पार्क में लोगों ने पौधे लगाने का लिया संकल्प

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद शहर में हरियाली बढ़ाने के लिए हेरीटेज पार्क में क्षेत्र के समाजसेवी लोगों की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में संकल्प लिया गया कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर में गमले में आसपास में जहां भी जगह उपलब्ध होगी, वहां पर फूल वाली बेल पौधे लगाएंगे और पेड़ों की देखभाल भी करेंगे। इस अवसर पर महेंद्र कुमार धारनिया एडवोकेट ने बीज लगाने नर्सरी तैयार करने पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने वारे विस्तार से चर्चा की। सभी ने अपने-अपने अनुभव भी साझा किये। पेड़ पौधों से होने वाले फायदे के बारे में भी विचार किया गया और औषधीय पौधों की पहचान व उपयोग बारे भी चर्चा की गई।

### मुख्यमंत्री उड़नदस्ता हुआ सक्रिय, नप प्रशासन से मांगे आवश्यक दस्तावेज

# पानी निकासी की पाइप लाइन बिछाने का मामला पहुंचा सीएम दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नगरपरिषद द्वारा शहर में बिछाई जा रही पानी निकासी की पाइप लाइन में अनियमितताओं का मामला अब मुख्यमंत्री दरबार में पहुंच गया है जिससे नगरपरिषद प्रशासन में खलबली का माहौल है। काबिलेजिक्र है कि सिरसा शहर में नगरपरिषद की ओर से शहर में बरसाती जल की निकासी को लेकर दबाई जा रही पाइप लाइन को लेकर शहर के अनेक लोगों की ओर से मुख्यमंत्री तक शिकायतें की गई थी और अब उनकी ओर से ही इस मामले में अनियमितता होने व इसे करने वालों को कटघरे में खड़ा करने का काम आरंभ हो गया है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के दिशा निर्देशों पर सीएम उडऩदस्ते की टीम ने नगरपरिषद सिरसा के ईओ को पत्र लिखकर इस मामले में आवश्यक दस्तावेज तलब किए हैं। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की ओर से ईओ नगरपरिषद सिरसा से जो दस्तावेज मांगे गए हैं उनमें टेंडर नोटिस व टेंडर की सत्यापित फोटो प्रतियां, एस्टीमेट व एग्रीमेंट की सत्यापित फोटो प्रतियां, डीएनआईटी व एमबी की सत्यापित फोटो प्रतियां, ठेकेदार को अदा किए गए बिलों की सत्यापित फोटो प्रतियां, ठेकेदार व किन किन अधिकारियों की देखरेख में कार्य किया गया, उनके नाम, पद व मोबाइल नंबर भी भेजे जाएं। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते के पुलिस उपाधीक्षक ने ईओ नगरपरिषद सिरसा को कहा गया है कि मांगे गए दस्तावेज जल्द से जल्द उपलब्ध करवाया जाए ताकि निर्धारित समय में पूर्ण जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों के माध्यम से सरकार को भिजवाई जा सके।

#### बावड़ी वाली गली के दस्तावेज भी उपलब्ध करवाने के निर्देश

मुख्यमंत्री उडऩदस्ते ने न केवल सिरसा में जलनिकासी के लिए दबाई जा रही पाइप लाइन के दस्तावेज मांगे हैं बल्कि पिछले दिनों वार्ड नंबर २१ के नोहरिया बाजार की बावड़ी वाली गली में निर्मित की गई गली को लेकर भी आवश्यक दस्तावेजों का रिकॉर्ड तलब किया है। काबिलेजिक्र है कि बीते अप्रेल माह में इस गली का निर्माण किए जाने का कार्य आरंभ किया गया था मगर निर्माण में इस्तेमाल की गई घटिया सामग्री के कारण यह गली विवादों में आ गई और वार्ड १९ की पूर्व पार्षद नीतू सोनी ने इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल सहित अन्य संबद्ध अधिकारियों को शिकायत भेजकर इसकी जांच की मांग की थी। इसी शिकायत के आधार पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मुख्यमंत्री उडऩदस्ते को इस गली की गहराई से संपूर्ण जांच के आदेश जारी किए हैं। अहम बात यह है कि नप की ओर से जिस ठेकेदार को इस गली निर्माण का कार्य दिया गया है, उसकी ओर से इस गली को चौथी बार उखाड़कर बनाने का कार्य आरंभ किया गया है क्योंकि शिकायत के अनुसार यह गली घटिया सामग्री इस्तेमाल करने के कारण जगह-जगह से दरक गई है जिससे अनियमितता का भान स्पष्ट नजर आता है।

#### नगर परिषद में मचा हडक़ंप

मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की ओर से नगरपरिषद सिरसा के ईओ को भेजे पत्र व आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता को लेकर दिए गए दिशा निर्देशों के बाद से नगरपरिषद सिरसा में हडक़ंप की स्थिति देखी जा रही है। ये भी पाया जा रहा है कि उपरोक्त मामलों से प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष रूप से संबद्ध सभी अधिकारियों व ठेकेदारों में हडक़ंप की स्थिति देखी जा रही है और वे अपने-अपने स्तर पर इस मामले में हर दिशा से अपेक्षित सहायता के लिए हाथ पांव मारते नजर आ रहे हैं।

## हरियाली अमावस्या पर शनि जन्मोत्सव 24 को

### भंडारा व अखंड तेल स्नान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नोहरिया बाजार स्थित प्राचीन श्री शनिधाम में सावन मास की हरियाली अमावस्या के अवसर पर 24 जुलाई को शनि जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंदिर प्रांगण में शनिदेव जी का भंडारा व अखंड तेल स्नान आयोजित किया जाएगा। सावन महीने की अमावस्या के अवसर पर शनिभक्त शनिशिला पर सीधे तेल अर्पित कर सकेंगे, जो अति शुभकारी माना जाता है। यह जानकारी देते हुए श्री शनिदेव मंदिर चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव, चंद्रमोहन भृगुवंशी ने बताया कि सावन महीने की हरियाली अमावस्या के पावन अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शनि जन्मोत्सव समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर के जीणोद्धार के बाद इसे भव्य रूप दिया जा रहा है। वर्तमान में शनिधाम के मुख्य द्वार के निर्माण व शेष भवन का निर्माण भी आरंभ हो गया है। मंदिर में शनिदेव जी को तेल अर्पित करने वाली भव्य शिला के अलावा शनिदेव के नौ वाहनों पर सवार पश्चिममुखी स्वरूप व नव ग्रह दरबार भी दर्शनीय है। पूरे मंदिर को सफेद पत्थरों व टाइलों से बनाया गया है तो मन को शांत करने वाला व सकारात्मक ऊर्जा देने वाला है। मंदिर में मां दुर्गा, हनुमानजी, शिवशंकर के अलावा चुरू वाले बाबो सा भगवान का स्वरूप भी विराजमान है। श्री शनिदेव मंदिर चेरीटेबल ट्रस्ट के पदाधिकारी आनंद भार्गव, चंद्रमोहन भृगुवंशी ने श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि २४ जुलाई को सावन मास की हरियाली अमावस्या के अवसर पर शनि जन्मोत्सव समारोह में सपरिवार शामिल हों और न्याय के देवता, भाग्यविधाता भगवान शनिदेव जी का आशीर्वाद प्राप्त करें।

- मंदिर के जीणोद्धार के बाद इसे भव्य रूप दिया जा रहा

## रिटेल आउटरीच कार्यक्रम पीएनबी की सकारात्मक, सशक्त पहल: प्रो. विजय

### चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी फैकल्टी हाउस में कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

चौ. देवीलाल यूनिवर्सिटी फैकल्टी हाउस में शुक्रवार को आयोजित रिटेल आउटरीच का एक दिवसीय कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ चौधरी देवीलाल यूनिवर्सिटी, सिरसा के वाइस चांसलर प्रो. विजय कुमार, रजिस्ट्रार अशोक कुमार शर्मा और प्रधान कार्यालय से अमित कुमार, उपमहाप्रबंधक तथा मंडल प्रमुख राजीव कुमार की उपस्थिति में किया गया। प्रो. विजय कुमार कहा कि यह आउटरीच कार्यक्रम पंजाब नेशनल बैंक की एक बहुत ही सकारात्मक और सशक्त पहल है। उन्होंने पीएनबी बैंक की पर्यावरण में सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद विद्यार्थियों को अधिक से अधिक शिक्षा ऋण प्रदान किए जाएं।

उप महाप्रबंधक अमित कुमार ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन से आमजन को आवासीय तथा रिटेल योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त होगी, जिससे लोग अपना घर बनाने के सपने को साकार कर सकेंगे और अपने व्यवसाय या रोजगार को आगे बढ़ाने में एक नई दिशा की ओर अग्रसर होंगे। मंडल प्रमुख राजीव कुमार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक आसान एवं आकर्षक ब्याज दरों एवं न्यूनतम मासिक किस्तों पर आमजन को होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन और अन्य रिटेल लोन जैसी सुविधाएं प्रदान कर देश एवं शहर की प्रगति में अपनी भागीदारी निभाने में सदैव अग्रणी रहा है। उन्होंने ग्राहकों को सर्वोत्तम बैंकिंग सेवाओं के लिए आश्वस्त किया। इस दौरान उपस्थित ग्राहकों को बैंक उत्पादों के बारे में भी जानकारी दी गई।

## अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह के चार आरोपी धरे

- तीन चोरीशुदा मोटरसाइकिल बरामद, पुलिस कर रही जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ डबवाली



डबवाली। वाहन चोर गिरोह के बारे में जानकारी देते डीएसपी। फोटो: हरिभूमि

पुलिस ने अंतरराज्यीय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर तीन चोरीशुदा बाइक भी बरामद किए हैं। कालांवाली के डीएसपी संदीप धनखड़ ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि पकड़े गए आरोपी पंजाब के रहने वाले हैं जोकि काफी समय से सिरसा के डबवाली व कालांवाली क्षेत्र में सक्रिय थे। उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान समीर कुमार, कर्ण सिंह, मनप्रीत सिंह उर्फ नानू व मदन कुमार निवासी जिला मुक्तसर पंजाब के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि एवीटी प्रभारी विजय कुमार अपनी टीम के साथ वाहनों की चैकिंग कर रहे थे। इसी दौरान दो बिना नंबर प्लेट की बाइकों को रूकवा कर उनकी जांच की गई तो वे चोरी के निकले। बाइक डबवाली क्षेत्र से चोरी हुए थे जिनकी रिपोर्ट थाना में दर्ज है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने बरामद किए गए दो बाइक में से एक डबवाली शहर से तथा एक बाइक किलियांवाली पंजाब क्षेत्र से चोरी करने की बात कबूल की है। शहर थाना प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि पकड़े गए आरोपी ने पूछताछ में बताया कि सिरसा क्षेत्र से बाइक चोरी कर उन्हें राजस्थान में बेचते थे। पुलिस ने बाइक खरीदने वाले आरोपी अशोक कुमार को भी गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़े गए गिरोह के सदस्य से पूछताछ जारी है और बाइक चोरी की अन्य घटनाओं का खुलासा भी हो सकता है।

#### गिरोह के अन्य सदस्यों बारे जानकारी हासिल की जाएगी : डीसीपी

डीएसपी ने बताया कि आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लेकर गहनता से पूछताछ करके चोरी की अन्य वारदातों व गिरोह के अन्य सदस्यों बारे जानकारी हासिल की जाएगी। उन्होंने बताया कि एवीटी स्टाफ द्वारा लगातार बाइक चोर गिरोह पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। चंद दिनों में उन्होंने चार बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। उधर, शहर थाना सिरसा पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन बाइक बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरोह के एक सदस्य को काबू किया है।



सिरसा। डोडापोस्त तस्करी का मुख्य आरोपी पुलिस की गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

## 22 क्विंटल डोडापोस्त तस्करी का मुख्य आरोपी रामू बावरी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करी रैकेट के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीती २० अप्रेल २०२४ को डिंग थाना क्षेत्र में २२ क्विंटल ४५ किलो डोडा पोस्त की बरामदगी के मामले में की है। पुलिस इस केस में पहले ही तीन आरोपियों विकास कुमार, सतबीर सिंह और जगदीप सिंह को गिरफ्तार कर चुकी है। इस मामले के चौथे व मुख्य आरोपी रामचंद्र उर्फ रामू बावरी पुत्र श्योनारायण निवासी हरिपुरा थाना संगरिया को गिरफ्तार किया है। सीआईए सिरसा प्रभारी एसआई प्रेम कुमार ने बताया कि पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्यवाही करते हुए मुख्य आरोपी रामचंद्र उर्फ रामु बावरी को राजस्थान से काबू किया। आरोपी को मादक पदार्थ अधिनियम के तहत थाना डिंग में नामजद किया गया था। पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया, जहां से उसे ४ दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक की पूछताछ से सामने आया है कि इसके खिलाफ कुल ६ मामले दर्ज है। उन्होंने बताया कि पुलिस रिमांड के दौरान आरोपी से इस तस्करी नेटवर्क में शामिल अन्य व्यक्तियों की पहचान और डोडापोस्त की सप्लाई चेन का पता लगाया जाएगा। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बरामद डोडापोस्त हरियाणा व राजस्थान के विभिन्न जिलों में सप्लाई किया जाना था। पुलिस तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की धरपकड़ के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

## स्वच्छता रैंकिंग में पिछड़ने से भ्रष्टाचार हुआ उजागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

- हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने लगाया आरोप



स्वच्छता रैंकिंग में सिरसा के पिछडऩे का सबसे बड़ा कारण नगरपरिषद में व्याप्त भ्रष्टाचार व अधिकारियों से सत्ताधारियों की मिलीभगत है। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि राजकुमार शर्मा ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि सफाई व्यवस्था पर नगरपरिषद हर महीने करोड़ों रूपए खर्च करने का दावा करती है, जबकि यह दावा सरासर झूठा है। अगर करोड़ों रूपए खर्च किए जाते, तो आज शहर की यह दुर्दशा न होती। जगह-जगह लगे गंदगी के ढेर इस बात की गवाही देते हैं कि काम नहीं हो रहा। शर्मा ने कहा कि सफाई व्यवस्था के नाम पर सरकारी खजाने से करोड़ों रूपए जरूर निकाल लिए जाते हैं, पर यह पूरा पैसा खर्च होता ही नहीं। उन्होंने कहा कि नगरपरिषद के भ्रष्ट अधिकारी व सत्ता से जुड़े लोग आपस में गलबहियां कर यह पैसा डकार जाते हैं और सरकार स्वच्छता के गीत गाती नहीं थक रही। प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि ने कहा कि सिरसा की स्वच्छता रैंकिंग में आई भारी गिरावट भाजपा सरकार की विफलता और उसके दिखावटी विकास मॉडल का जीता-जागता प्रमाण है। राजकुमार शर्मा ने कहा कि भाजपा नेता कहते थे कि ट्रिपल इंजन सरकार से हरियाणा के शहर चमकेंगे लेकिन सिरसा की सच्चाई आज हर किसी के सामने है। गली-गली फैला कचरा, जाम पड़ी नालियां, ओवरफ्लो होता सीवरेज, बदहाल सार्वजनिक शौचालय, टूटी-फूटी सडक़ें और उन पर बहता गंदा पानी भाजपा सरकार के विकास की असली कहानी बयां कर रहे हैं। शर्मा ने कहा कि सिरसा जैसा ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण जिला विकास की बजाय आज गंदगी और बदहाली से जूझ रहा है, जबकि भाजपा सरकार केवल प्रचार और घोटालों में व्यस्त है। जमीनी हकीकत यह है कि जनता गंदगी और अव्यवस्था के बीच नारकीय जीवन जीने को मजबूर है। शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार जनता के बीच अपना भरोसा खो चुकी है।

### डेरा श्योरामदास में दो दिवसीय जागरण 22 से

**सिरसा।** डेरा बाबा श्योराम दास की ओर से शिवरात्रि के पावन पर्व पर दो दिवसीय जागरण व भंडारा आयोजित किया जाएगा। डेरा के मुख्य सेवक बाबा हरपाल दास ने बताया कि आगामी २२ जुलाई, मंगलवार की रात्रि ९.१५ बजे जागरण आयोजित किया जाएगा, जिसमें भजन गायकों द्वारा अपनी मधुर वाणी से बाबा की महिमा का गुणगान किया जाएगा। जागरण के दौरान आकर्षक व मनमोहक झांकियां भी निकाली जाएंगी। २* जुलाई, बुधवार की सुबह १०.१५ बजे भंडारा आयोजित किया जाएगा, जिसमें हजारों लोग प्रसाद ग्रहण करेंगे। शहरवासियों से आह्वान किया कि वे इस कार्यक्रम में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त करें।

### चालान काटने की बजाय नियमों में बदलाव करे सरकार: डॉ. इंदौरा

**सिरसा।** पुलिस प्रशासन द्वारा शहर में धड़ाधड़ काटे जा रहे भारी भरकम चालान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूर्व सांसद डॉ. सुशील इंदौरा ने कहा कि सरकार चालान काटने को आमदनी बढ़ाने का जरिया न बनाए। पूर्व सांसद ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा कि सरकार द्वारा चालान काटना जायज है, लेकिन चालान यातायात नियमों को दरकिनार कर न काटे जाएं। उन्होंने सरकार को सुझाव देते हुए कहा कि प्रदूषण के नाम पर धांधली मची हुई है। प्रदूषण सर्टिफिकेट तो १००-१५० रुपए में बन जाता है, लेकिन अगर किसी ने गलती से नहीं बनवाया और किसी का भूलवश से अपडेट करवाना रह गया तो उसे १० से १५ हजार रुपए का चालान थमाया जा रहा है, जोकि समझ से परे की बात है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से अधिक स्पीड के भी चालान काटेजा रहे हैं, जबकि हाइवे स्पीड के लिए बनाए गए हैं। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वो कंपनी से तालमेल कर स्पीड पर पाबंदी लगाए, न कि चालान काटकर आम जनता को परेशान करे। जब गाडियां रफ्तार ही १०० की स्पीड से पकड़ती हैं तो वो धीरे कैसे चलेंगी? इसलिए सरकार को चाहिए कि वो चालान की बजाय अपने नियमों में बदलाव करे, न कि जनता पर जबरन चालान थोपे।

## जागरूकता कार्यक्रम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा





सिरसा। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न स्कूलों में अंतर्राष्ट्रीय न्याय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी प्रवेश सिंगला ने बताया कि जिले के ५* स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम व प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें १०७० छात्र-छात्राओं ने उपस्थिति दर्ज करवाई। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में कानूनी जानकारी को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र दिए गए।

### गांव खारी सुरेरां के सरपंच पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार का मामला

# सरपंच की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष का धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा





सिरसा। सरपंच के खिलाफ धरना देते भीम आर्मी के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

जिला के गांव खारी सुरेरां के सरपंच पर विकास कार्यों में भ्रष्टाचार करने और दुर्व्यवहार करने के मामले को लेकर शुक्रवार को पीड़ित पक्ष ने भीम आर्मी एकता मिशन के बैनर तले जिला मुख्यालय पर धरना दिया। धरना दे रहे लोगों ने सरपंच गिरफ्तार कर बर्खास्त करने की मांग उठाई है। धरना दे रहे पीड़ित पक्ष के दीन दयाल ने बताया कि गांव का सरपंच जसवंत सिंह राजनैतिक पहुंच रखता है और दबंग किस्म का व्यक्ति है। पहले भी सरपंच व उसके भाई पन्ना लाल पर कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। १२ फरवरी २०२५ को सरपंच द्वारा भ्रष्टाचार व गलत काम करते हुए ग्राम सभा की मीटिंग के दौरान पंचायत के कार्यवाही रजिस्टर में खाली पेजों पर गांव के भोले-भाले लोगों के हस्ताक्षर/अंगूठे लगवाए रहे थे। वह भी उस समय वहां मौजूद था। जब उसे हस्ताक्षर के लिए कहा गया तो उसने इसका विरोध किया। इस पर सरपंच ने अपने भाई पन्ना लाल के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत उसने १ फरवरी २०२५ को जसवंत सिंह (सरपंच) व उसके भाई पन्ना लाल के खिलाफ दर्ज किया गया। इस मुकदमे की जांच डीएसपी ऐलनाबाद द्वारा की जा रही थी। आरोप है कि डीएसपी ने सरपंच के साथ सांठ-गांठ कर इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पुलिस अधीक्षक सिरसा को एक शिकायत देकर मामले की अन्य किसी जांच अधिकारी से निष्पक्ष तौर पर जांच करवाई जाने की मांग की गई। जिसके तहत विकास कृष्ण डीएसपी सिरसा के पास आगामी कार्यवाही के लिए फाइल सौंपी गई थी। विकास कृष्ण डीएसपी द्वारा मामले को सही मानते हुए मुकदमा में नामजद आरोपी पन्ना लाल को २८ मई २०२५ को गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन राजनीतिक प्रभाव के चलते सरपंच को गिरफ्तार नहीं किया गया।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
आवश्यकता है
भारत के तेजी से बढ़ते हिन्दी समाचार-पत्र हरिभूमि को सिरसा, फतेहाबाद जिले में डोर-टू-डोर मार्केटिंग के लिए उत्साही, योग्य व आकर्षक व्यक्तित्व वाले युवक-युवतियों की आवश्यकता है, जो मीडिया के क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते हैं



| | |
|---|---|
| आयु | : 18 से 30 वर्ष तक |
| योग्यता | : 10+2 या इससे अधिक |
| वेतन | : योग्यतानुसार (वेतन बुकिंग अनुसार) |
| मिलने का समय | : प्रातः 11.00 से सायं 5.00 बजे तक (कार्यदिवस को) |

अपना बायोडाटा मोबाइल नं. 9253681005 पर व्हट्सअप करें या hbcircurtk@gmail.com मेल करें।
सम्पर्क करें :- हरिभूमि कार्यालय
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 8814999173, 9253681005